## महत्वपूर्ण एवं खास

### रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में भारत लीजेंड ने श्रीलंका लीजेंड को 33 रनों से हराया

**खचाखच भरे स्टेडियम में झूम उठे रायपुरियन**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे रोड सेफ़्टी वर्ल्ड सीरीज़ के फाइनल मैच में इंडियन लीजेंड ने श्रीलंका लीजेंड को 33 रनों से हरा दिया। रोमाचक मैच के इस मुकाबले में भारतीय टीम अर्थात इंडियन लीजेंड ने श्रीलंकाई टीम को 196 रन की बड़ी लक्ष्य दी थी,भारतीय टीम की तरफ से नमन ओझा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाए जवाब में श्रीलंकाई टीम ने 18.4 ओवर में 163 रन बना पाई। भारतीय टीम इंडियन लीजेंड ने 33 रन से जीत हासिल की।

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख 80 हजार की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 1 लाख 80 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार चोपड़ा कालोनी महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थी टिकेश्वर चंद्राकर 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल नंबर 97337-23468 के धारक ने 29 सितंबर 2022 के रात्रि 8 बजे से 30 सितंबर 2022 के दोपहर 3 बजे के मध्य प्रार्थी को फोन कर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर 1 लााख 79 हजार 500 रुपए अपने खाता में जमा करा लिया। प्रार्थी की शिकायत पर न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### केवाईसी का झांसा देकर अधेड़ के खाते से 1 लाख से अधिक की रकम पार

**रायपुर (आरएनएस)।** क्रेडिट कार्ड का केवाईसी करने के नाम पर एक व्यक्ति ने अधेड़ के खाते से 1 लाख से अधिक रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बजाज कालोनी न्यू राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थी विष्णु रूपरेला 51 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि 29 सितंबर 2022 के दोपहर प्रार्थी के पास मोबाइल क्रमांक 62973-31568 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम अनिल कुमार बताया और प्रार्थी से कहा कि आपका एसबीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड का केवाईसी कर लो, जिससे आरोपी ने प्रार्थी को लिंक भेजा, जिसे डाउनलोड कर ओपन करने पर ओटीपी आया। जिसे आरोपी को बताने पर आरोपी ने उसके खाते से 6 बार में 1 लाख 22 हजार 46 रुपए ट्रांजेक्शन कर धोखाधडी किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अबूझमाड़ के 93 गांव के 5 हजार किसानों को मिला मसाहती पट्टा

**नारायणपुर (आरएनएस)।** अबूझमाड़ के 246 गांव का सर्वे नही होने की वजह से इनकी जमीन का राजस्व रिकॉर्ड में कहीं कोई उल्लेख नहीं था, इस वजह से किसी भी शासकीय योजना का लाभ यहां के ग्रामीणों को नहीं मिल पाता था लेकिन अब अबूझमाड़ क्षेत्र के 93 गांव के 5000 से अधिक ग्रामीण किसानों को मसाहती पट्टा वितरित किया जा चुका है। मसाहती पट्टा मिल जाने के बाद खेत में सोलर पंप लग गया है। किसान अब सोसायटी में पंजीयन कराके समर्थन मूल्य पर धान बेच पाएंगे। इसके लिए अबूझमाड़ क्षेत्र के कोहकामेटा, बासिंग एवं ओरछा में धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किया गया है। शेष सभी किसानों का सर्वे कर मसाहती खसरा से जोड़ा जा रहा। मसाहती खसरा देने के साथ-साथ उन्हें शासन की अन्य योजनाओं से जोड़ा जा रहा।

# तुरेनार में बनेगा प्रदेश का सबसे बड़े ग्रामीण औद्योगिक पार्क

**❐ महात्मा गांधी की जयंती पर जिले में 14 ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की रखी गई आधारशिला**

**जगदलपुर (आरएनएस)।** ग्राम स्वराज और स्वावलंबन के पक्षधर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रविवार 2 अक्टूबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महात्वाकांक्षी ग्रामीण औद्योगिक पार्कों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बस्तर जिले के तुरेनार में प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक पार्क की आधारशिला भी रखी। बस्तर के सभी सात विकासखण्डों में दो-दो औद्योगिक पार्कों का निर्माण किया जाएगा। इनमें जगदलपुर में तुरेनार और नानगुर, बकावंड में मंगनार और कोसमी, बस्तर में सोनारपाल और परचनपाल, तोकापाल में सिंगनपुर और कोंडालूर, दरभा में बड़े कड़मा और गुमड़ पाल, बास्तानार में बड़े किलेपाल और कोड़ेनार व लोहण्डीगुड़ा में गढिया और धुरागांव में ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की आधारशिला रखी गई। इन सभी औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए शासन द्वारा दो-दो करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है।

इस अवसर पर तुरेनार में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे एनआईसी की वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से रायपुर से जोड़ा गया था। तुरेनार में आयोजित कार्यक्रम में संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि महात्मा गांधी ग्राम स्वराज और ग्राम स्वावलंबन के पक्षधर थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी की इसी सोच को धरातल पर उतारने के लिए सुराजी गांव योजना प्रारंभ की। इसी कड़ी में ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना की जा रही है।

उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का मानना था, कि बड़े उद्योगों की स्थापना से लोगों को अपेक्षा के अनुसार रोजगार नहीं मिलता, जबकि छोटे उद्योगों से यह संभव है। उन्होंने कहा कि वनोपज संग्रहण करने वाले और फसल उगाने वाले किसान जब अपने उत्पाद सीधे व्यापारियों को बेचते हैं, तब उन्हें अच्छी आमदनी नहीं होती है। अच्छी आमदनी के लिए मुख्यमंत्री ने इसके प्रसंस्करण पर जोर देते हुए ग्रामीण औद्योगिक पार्कों की स्थापना की गई है। यहां शेड, बिजली, पानी, सडक़, मशीन सहित आवश्यक अधोसंरचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही प्रशिक्षण और व्यवसाय के लिए ऋण भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां काम करने के इच्छुक व्यक्ति को रोजगार मिलेगा, जिससे उसकी आय में वृद्धि होगी और परिवार का भरण पोषण आसानी से कर सकेगा। इससे गांव का विकास होगा।

कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि यह ग्रामीण स्तर का औद्योगिक पार्क है। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों की स्थापना में कई बाधाएं हैं। इसके साथ ही इससे रोजगार भी अधिक उत्पन्न नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली कई सामग्री के बनने की जगह हमने नहीं देखी है। ग्रामीण औद्योगिक पार्क की स्थापना से यह कार्य स्वयं ग्रामीण करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे लोगों की आमदनी बढऩे के साथ ही गांव की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के पास यदि किसी व्यवसाय की योजना है तो वे जिला प्रशासन से साझा करें, जिससे उनकी सहायता की जा सके। इस अवसर पर महापौर सफीरा साहू, जनपद पंचायत सदस्य इंद्रा नायडू, जीशान कुरैशी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## महिला ने पहले तो युवक पर पेट्रोल छिड़ककर लगा दी आग, फिर हंसिये से काट डाली गर्दन : घायल युवक रिम्स रेफर

**बिलासपुर/मुंगेली (आरएनएस)।** मुंगेली शहर में रविवार सुबह रामगढ़ सब्जी बाजार के पास दिल दहला देने वाली घटना से लोग सकते में आ गए। यहां सब्जी बेचने पहुंचे युवक पर एक महिला ने पहले तो पेट्रोल छिडक़ दिया और फिर हंसीये से उस पर जानलेवा हमला किया। इतने से उसका जी नहीं भरा तो बदहवास भागते युवक के पीछे ललकारते हुए महिला दौडऩे लगी। वहां खड़ी भीड़ इस घटना को देखकर हैरान रह गई। इसी दौरान समीपस्थ पुलिस थाने के आरक्षक ने वहां पहुचकर पीडि़त को अस्पताल में भर्ती कराया।

मुंगेली के रामगढ़ क्षेत्र में रहने वाला जितेंद्र साहू पिछले काफी समय से रामगढ़ में ही रहने वाली सीमा साहू को परेशान कर रहा था। जितेंद्र साहू सब्जी बेचने का काम करता है तो वही महिला की भी सब्जी की खेती बाड़ी का काम है।

बताया जा रहा है कि जितेंद्र साहू कभी रास्ते में छेड़ देता तो कभी मोबाइल पर उसे परेशान करता। दो बच्चों की ब्याहता मा महिला जितेंद्र साहू की हरकतों से परेशान थी, आखिर रविवार को उसकी सब्र का बांध टूट गया और उसने जितेंद्र साहू को सबक सिखाने का निश्चय कर लिया। रोज की तरह जब सुबह जितेंद्र साहू सब्जी बेचने बुधवारी बाजार पहुंचा तो पहले से घात लगाकर बैठी सीमा साहू ने पहले तो उसके शरीर पर पेट्रोल छिडक़कर आग लगा दी और फिर अपने पास रखे हंसीये से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में उसके गर्दन पर गंभीर चोट लगी। हमले के बाद बदहवास जितेंद्र साहू भागने लगा। इतने से भी महिला का दिल नहीं भरा और वह उसकी जान लेने उसके पीछे भागने लगी। आसपास के लोग इस घटना को देखकर सकते में रह गए, तभी मौके पर थाने का सिपाही पहुंच गया जिसमें महिला को किसी तरह रोका और समझाइश देकर शांत किया और घायल जितेंद्र साहू को पहले मुंगेली जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाली सीमा साहू को गिरफ्तार कर लिया है। भले ही सीमा साहू ने घातक कदम उठाया हो लेकिन पिछले काफी समय से जिस तरह से जितेंद्र साहू ने उसका जीना मुहाल कर रखा था उसके चलते लोगों की सहानुभूति महिला के प्रति देखी जा रही है। लोग अंदेशा जता रहे हैं कि कहीं जितेंद्र साहू महिला को ब्लैकमेल तो नहीं कर रहा था।

## दशहरा पर कांकेर में पहली बार होगा लेजर शो, आतिशबाजी भी होगी

**कांकेर (आरएनएस)।** शहर में दशहरा पर्व पर 5 अक्टूबर को रावण दहन का आयोजन नरहरदेव मैदान में किया जाता है। अब तक रावण दहन कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी के साथ रामलीला मंडली राम रावण युद्ध प्रसंग करती थी। इस वर्ष पहली बार उक्त दोनों कार्यक्रमों के साथ लेजर शो का आयोजन होगा। लेजर शो के लिए बैंगलोर की कंपनी कांकेर पहुंच रही है। दशहरा पर मुख्य कार्यक्रम शहर के नरहरदेव मैदान में होगा। मैदान में कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। दशहरा कार्यक्रम का आयोजन गढिया महोत्सव आयोजन सश्रीमती तथा नगर पालिका द्वारा किया जाता है। गढिया महोत्सव आयोजन सश्रीमती अध्यक्ष विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी तथा कलेक्टर डा प्रियंका शुक्ला ने आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में लोक निर्माण विभाग को मैदान में बेरिकेटिंग लगाने की जिम्मेदारी दी गई। वनविभाग को बैरिकेटिंग करने बांस बल्ली उपलब्ध कराने का जिम्मा दिया गया। नगर पालिका को मैदान में विधुतीकरण तथा साफ सफाई की जिम्मेदारी दी गई। विधुत विभाग को मैदान में बिजली कनेक्शन देने का जिम्मा दिया गया। पुलिस को मैदान में यातायात के प्रबंध तथा सुरक्षा का जिम्मा दिया गया।

## मुख्यमंत्री को व्यवसायी कोठारी ने आत्मीय भाव से भेंट किया 65 साल पुराना गांधी चरखा

**❐ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम सुराज की परिकल्पना पर काम कर रही छत्तीसगढ़ सरकार: मुख्यमंत्री**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर रायपुर के व्यवसायी मनोज कोठारी ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुलाकात की। मुख्यमंत्री को कोठारी ने इस मौके पर बड़े आत्मीय भाव से 65 साल पुराना गांधी चरखा भेंटकर उन्हें गांधी जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बापू की तस्वीर भी भेंट की। इस मौके पर कोठारी की पुत्री सुश्री श्रेया भी मौजूद थी। मुख्यमंत्री को चरखा सौंपते हुए व्यवसायी कोठारी ने बताया कि यह चरखा राजस्थान के उदयपुर के पास ग्राम फलौदी में 65 साल पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और सादा जीवन-उच्च विचार की भावना से प्रेरित एक कारीगर ने बनाया था। मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ में गांव और ग्रामीणों के स्वावलंबन के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए यह चरखा उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भेंट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम सुराज के उद्देश्यों पर ही आगे बढ़ते हुए काम कर रही है। बापू के सपनों को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ में निरंतर प्रयास हो रहे हैं। राज्य सरकार की नीतियों में गांवों को सुदृढ़ करना शामिल है। वहीं छत्तीसगढ़ में गांवों के साथ ही गरीब, मजदूर, किसान, महिला, बच्चे और बुजुर्ग हर वर्ग को मजबूती एवं राहत देने के लिए काम किया जा रहा है।

## शहीद पार्क में बनेगा प्रदेश का पहला ऑक्सीरिडिंग जोन

**❐ पढ़ाई के लिए मिलेगा अनुकुल माहौल**

**❐ कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने निरीक्षण कर लिया जायजा, सुविधाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश**

**भिलाई नगर (आरएनएस)।** भिलाई में प्रदेश का पहला ऑक्सी रीडिंग जोन तैयार होने वाला है, छात्र-छात्राओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों के लिए यह एक सुखद खबर है, यही नहीं इसके साथ ही चिल्ड्रन रीडिंग जोन, इनफॉरमल रीडिंग एरिया, स्टाफ रूम, बुक ड्रॉप एवं सिक्योरिटी एरिया, कॉन्फ्रेंस एवं मीटिंग रूम, ई लाइब्रेरी, न्यूज पेपर व मैगजीन स्टैंड आदि की सुविधा भी इसमें मौजूद होगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने इसकी अधोसंरचना और प्रदाय होने वाली सुविधाओं को लेकर निगम तथा बीएसपी के अधिकारियों के साथ स्पॉट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भिलाई में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चे छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्रों से भिलाई पहुंचते हैं, पढ़ाई के लिए अच्छे कंटेंट की आवश्यकता होती है, भिलाई एजुकेशन हब के नाम से जाना जाता है ऐसे में पब्लिक लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मददगार साबित होगी। उन्होंने ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन कर बेहतर कांसेप्ट के साथ लाइब्रेरी/ऑक्सी रीडिंग जोन का निर्माण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लेजर शो के माध्यम से शहीद भगत सिंह की वीर गाथा तथा म्यूजिकल फाउंटेन का अवलोकन किया। पूरे उद्यान का निरीक्षण कर उन्होंने कहा कि प्रतिदिन यहां काफी संख्या में लोग अपने परिवार सहित पहुंचते हैं इसलिए साफ सफाई और नियमित रूप से गार्डन मेंटेन पर विशेष ध्यान रखें। उल्लेखनीय है कि भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 05 में विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज की पहल पर ढाई करोड़ की लागत से बनने वाला परिसर प्रदेश में बने अन्य लाईब्रेरी से हटकर होगा, गार्डन के हरे भरे वातावरण के बीच पूर्णत: वातानुकुलित माहौल में पढ़ाई करने का माहौल रहेगा। एजुकेशन हब के रूप में भिलाई की पहचान में इस यूनिक रिडिंग जोन के बनने से भिलाई के गौरव में एक और सितारा जुड़ेगा। पढऩे लिखने के लिए अच्छा माहौल मिलेगा तो शहर के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के शिखर पर पहुंचेंगे। विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को देखते हुए ऑक्सीरिडिंग जोन बनाने की प्लानिंग की गई है।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुन्द के कक्षा 11 वीं की छात्रा रितिका ध्रुव का हरिकोटा आंध्रप्रदेश में प्रशिक्षण के लिए चयन

**महासमुंद (आरएनएस)।** नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुन्द के कक्षा 11 की छात्रा रितिका ध्रुव का राष्ट्रीय वैमानिकी और अंतरिक्ष प्रबंधन नासा के नागरिक विज्ञान परियोजना के साथ साझेदारी करके अंतराष्ट्रीय खगोलीय खोज सहयोग द्वारा आयोजित क्षुद्रग्रह खोज अभियान के लिए चयनित हुई है। सोसाइटी फॉर स्पेस एजुकेशन रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसएसई आर डी ने क्षुद्र ग्रह शिकार की प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों को प्रोत्साहित और निर्देशित किया है। ज्ञात हो कि कुमारी रितिका ध्रुव ने भिलाई के आई आई टी सेंटर में दिनांक 25 सितम्बर को अपने टीम के अन्य सदस्य वोरा विघ्नेश आंध्रप्रदेश वेंम्पति येर आंध्र प्रदेश, ओलविया जॉन केरल, के प्रणीता महाराष्ट्र और श्रेयस सिंह महाराष्ट्र के साथ अपने मेंटर आषुतोष सिंह आई आई टी बाम्बे के एक एयरोस्पेस प्रोफेसर सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र हरिकोटा आंध्रप्रदेश के सदस्य और वैज्ञानिक ने अतरिक्ष में वैक्यूम तब नासा ने ब्लैक होल से ध्वनि कैसे खोजी विषय पर एक प्रस्तुति दी थी। इसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापरा महासमुन्द की छात्रा रितिका ध्रुव ने अपनी टीम का प्रतिनिधित्व किया एवं बहुंत अच्छा प्रदर्शन किया । जज पैनल में डॉ. वेलवर्ड नासा, डॉ. जोनाथ इसरो, और डॉ. ए. राजराजन सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र शामिल थे। जज की पूरी टीम ने रितिका ध्रुव को बधाई दी और उन्हें उन्हें एसडीएससी में अधिक जानने के लिए आमंत्रित किया। इसी क्रम रितिका ध्रुव प्रशिक्षण हेतु दिनांक 1 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक सतीश धवन स्पेस सेंटर हरिकोटा आंध्रप्रदेश में प्ररशिक्षण ले रही है। अगले चरण का प्रशिक्षण नवम्बर माह में बैंगलोर इसरो में क्षुद्रग्रह प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। रितिका के इस महान उपलब्धि पर शिक्षा विभाग से एस चन्द्रसेन जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द, सहायक संचालक हिमांशु भारतीय, संस्था के प्राचार्य अमी रूफस, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, डीएमसी अशोक शर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे, बी.आर.सी.सी. योगेश्वर साहू, सहित स्वामी आत्मानंद स्कूल समस्त स्टॉफ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुम सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उन्नयन अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## 36वां राष्ट्रीय खेल 2022 : छत्तीसगढ़ की तलवारबाजी टीम ने जीता रजत पदक

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के लिए राष्ट्रीय खेल में आज का दिन भी मेडल वाला रहा। छत्तीसगढ़ के खिलाडिय़ों ने फॉयल टीम चैम्पियनशिप फेंसिंग (तलवारबाजी) में रजत पदक जीता। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खेल मंत्री उमेश पटेल ने इस उपलब्धि के लिए टीम के खिलाडिय़ों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

गुजरात के गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय खेल में फेंसिंग खिलाडिय़ो का शानदार प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी रहा। फॉयल इवेंट कि टीम चैम्पियनशिप में राज्य फेंसिंग के फॉयल इवेंट में छत्तीसगढ़ टीम के खिलाड़ी दुर्गेश मिलिंद, के. डेनी सिंह, एस. निंग थोमाबा, तुषार अहेर ने क्वाटर फाइनल मुकाबले में बिहार को 45-34 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में हरियाणा को नजदीकी मुकाबले में 45-40 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। फायनल मुकाबले में राज्य के खिलाडिय़ों ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया। दूसरे और तीसरे दौर में शानदार वापसी की लेकिन स्वर्ण पदक नहीं जीत सके। एस.एस. सी.बी. सर्विसेस की टीम से 34-45 से परास्त होकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

टीम के कोच वी. जॉनसन सोलोमन एवं प्रवीण कुमार गनवारे, टीम मैनेजर अखिलेश दुबे ने बताया कि प्रदेश फेंसिंग के अध्यक्ष डॉ. एस. भारतीदासन एवं महासचिव बशीर अहमद खान, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्वेता सिन्हा वास्तव, सीडीएम अतुल शुक्ला एवं डिप्टी सीडीएम रूपेंद्र सिंह चौहान ने विजेता खिलाडिय़ों को बधाई दी है।

राष्ट्रीय खेल में तीन अक्टूबर को कल एपी इवेंट में टीम चैम्पियनशिप का खिताबी मुकाबला पुरुष वर्ग का फाइनल में मुकाबला होगा। इसमें भी छत्तीसगढ़ टीम को पदक की उम्मीद है। 36वें राष्ट्रीय खेल में आज आर्चरी, एथलेटिक्स, एकवेटिक्स एवं फेंसिंग के टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ के खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स की 200 मीटर हिट्स में राज्य के खिलाड़ी अनिमेष कुजूर ने शानदार दौड़ लगाते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर फायनल के लिए क्वालीफाई किया। एकवेटिक्स में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी रूद्राक्ष साहू 200 मीटर फ्री स्टाइल में 16वें और 100 मीटर में 20वें स्थान पर रहा तथा फायनल में स्थान प्राप्त नहीं कर सके। प्रदेश की भूमि गुप्ता ने महिलाओं के बटरफ्लाई में 1.09.85 का समय निकालकर संतोषजनक प्रदर्शन किया, लेकिन फायनल में स्थान बनाने से चूक गई।